UP Board Solutions for Class 6 Hindi Chapter 7 माँ कह एक कहानी (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

कुछ करने को

(क) बानी, कहानी, पानी, नानी, समान, तुक वाले शब्द हैं। इनकी सहायता से चार पंक्ति की एक कविता बनाइए।

उदाहरण – अब तक गूंज रही है बानी,
कहती थी यों मेरी नानी
आग लगी और बरसा पानी
सो जा लल्ला, खत्म कहानी।

विचार और कल्पना

प्रश्न 1.
कहानी के अन्त में राहुल जो निर्णय देता है, क्या आप उससे सहमत हैं? यदि आप निर्णय देते तो किसका पक्ष लेते? क्यों?
उत्तर :
हाँ, राहुल ने जो निर्णय दिया है उससे मैं सहमत हूँ। यदि मैं निर्णय देता तो मैं भी रक्षा करने वाले का ही पक्ष लेता क्योंकि किसी की जान बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

प्रश्न 2.
पशु-पक्षियों का शिकार करना दण्डनीय अपराध है। आपके विचार में पशु-पक्षियों के शिकार करने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
उत्तर :
पशु-पक्षियों का शिकार करना कानूनन जुर्म है। इसके लिए कानून में सजा का प्रावधान है। लेकिन फिर भी लोगों को कानून का भय नहीं है और वे पशु-पक्षियों को मारते हैं। मेरे विचार से इस प्रवृति को रोकने के लिए और कड़े कानून बनाने चाहिए और उसे कड़ाई के साथ लागू करना चाहिए।

प्रश्न 1.
कहानी सुनाने के बाद माता ने राहुल से क्या प्रश्न किया?
उत्तर :
कहानी सुनाने के बाद माता ने राहुल से न्याय करने को कहा।

प्रश्न 2.
हंस को मारने वाले तथा बचाने वाले के बीच हुए विवाद का निर्णय राहुल ने क्या किया?
उत्तर :
हंस को मारने वाले तथा बचाने वाले के बीच हुए विवाद के निर्णय में राहुल ने कहा कि रक्षक ” भक्षक से महान होता है।

प्रश्न 3.
राहुल के उत्तर से उसके स्वभाव के विषय में क्या पता चलता है?
उत्तर :
राहुल के उत्तर से पता चलता है कि उसका स्वभाव निष्पक्ष, विचारशील और दयाभाव रखने वाला है।

प्रश्न 4.
निम्नलिखित पद्यांशों के भाव स्पष्ट कीजिए (भाव स्पष्ट करके) –

(क) ”वर्ण-वर्ण के .... था पानी।”

भाव – उपवन में अनेक रंगों के फूल खिले हुए थे। प्रातःकाल मंद-मंद शीतल वायु से ओस के कण झिलमिल कर रहे थे। हवा से तालाब का पानी हिलोरें मार रहा था, अर्थात् बगीचे का वातावरण बहुत बढ़िया था और प्राकृतिक सुन्दरता निखार पर थी।

(ख) कोई निरपराध .... का दानी

भाव – जब राहुल की माँ ने कहानी सुनाने के बाद उससे पूछा कि अब तुम बताओ कि न्याय किसका पक्ष लेगा, तब राहुल ने निम्न प्रकार उत्तर दिया – यदि कोई बेकसूर को मारने लगे, तो अन्य लोगों को निरपराध की सहायता करनी चाहिए, क्योंकि बचाने वाला मारने वाले से श्रेष्ठ होता है। न्याय हमेशा दया करने वाले का पक्ष लेता है, जो उचित है।

भाषा की बात

प्रश्न 1.
निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए (एक शब्द लिखकर) –
उत्तर :

- **हठ करने वाला –** हठी
- **जिसने अपराध किया हो –** अपराधी
- **जिसे डर न हो –** निडर
- **रक्षा करने वाला –** रक्षक
- **भक्षण करने वाला –** भक्षक
- **पक्ष लेने वाला –** पक्ष्य

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
समानार्थी शब्द छाँटिए (छाँटकर) –
उत्तर :

- **खग –** गगन, पक्षी, नभ (पक्षी)
- **आखेट –** धनुष, ओखल, शिकार (शिकार)
- **कोमल –** मुलायम, कमल, कोयल (मुलायम)
- **विवाद –** निनाद, समझौता, झगड़ा (झगड़ा)
- **सदय –** देने वाला, दया के साथ, दीनता के साथ (दया के साथ)

प्रश्न 3.
हिले-मिले, खर-शर और सदय-निर्दय शब्द-युग्मों में एक जैसा तुक है। इसी प्रकार के समान तुक वाले तीन और शब्द-युग्म लिखिए।
उत्तर :
तीन अन्य शब्द-युग्म – जय-विजय, न्याय-अन्याय, जोर- शोर

किसने किससे कहा –
यथा – माँ कह एक कहानी, राजा था या रानी । (बालक ने माँ से)

(क) हुआ विवाद सदय निर्दय में, उभय आग्रही थे स्व विषय में, गयी बात तब न्यायालय में, सुनी सभी ने जानी। (माँ ने बालक से)
(ख) कह दे निर्भय जय हो जिसका, सुने लू तेरी बानी। (माँ ने बालक से)
(ग) “कोई निरपराध को मारे, तो क्या अन्य उसे न उबारे? (बालक ने माँ से)